TOGETHER
WE EMPOWER
RURAL INDIA

SEHGAL FOUNDATION

Name of publication: Dainik Bhaskar

Date: Jan 21, 2020

दैनिक भास्कर

21-Jan-2020
Page 3

शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर विशेषज्ञों ने लोगों को किया जागरूक

भास्कर न्यूज | पूसा

सहगल फाउंडेशन के द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर पूसा के सीमावर्ती गांव हरपुर सिंधिया व पुनास में ग्रामीणों के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संस्था की ओर से पहुंचे अधिकारी व विशेषज्ञ धर्मेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को दूषित पानी के सेवन से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया। उन्होंने मौजूद लोगों से बेहद कम कीमत पर नए तकनीकों से तैयार किए जा रहे माटी के फिल्टर के माध्यम से पानी को साफ, शुद्ध और सुरक्षित कर पीने की बात कही। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि वे गंदे पानी से निपटारे के लिए अपने घरों के आस पास अधिक से अधिक नैपियर घासों को लगाएं। उसके

शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर ग्रामीणों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

फायदे भी बताये गए। उन्होंने संस्था की ओर से निर्मित माटीकल्प वाटर फिल्टर के बारे में अन्य ग्रामीणों को भी जानकारी दिए जाने की बात कहीं। विशेषज्ञ ने कहा कि मिट्टी का फिल्टर बिना बिजली के चलने वाला एक ऐसा सस्ता वाटर फिल्टर है जो गरीब परिवार के लोगों को शुद्ध व सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में काफी निर्णायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह फिल्टर ग्रामीण कुम्हारों के लिए भी एक बेहतर रोजगार का साधन है। बैठक में संस्था से जुड़े समन्वयक विनय कुमार सहित ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

Awareness building on importance of clean drinking water

In village Harpur Sindhia and Punas, villagers participated in a group meeting for awareness building on clean drinking water. The meeting organized by Sehgal Foundation emphasized on water-borne diseases and how drinking clean water can prevent these. For waste water management, the team encouraged plantation of Napier grass around the neighbourhood and also shared about the matikalp water filter developed as a low-cost solution for clean drinking water.